**Major Achievements, significant Development and important events of Ministry of Home Affairs for the month of March, 2025.**

A high level meeting under the chairmanship of Hon'ble Union Home Minister was held on 01.03.2025 at New Delhi to review the security situation of Manipur.

2. Review meetings on "Implementation of New Criminal Laws" under the chairmanship of Hon'ble Union Home Minister with the State of Goa on 03.03.2025 and with North Eastern States (Tripura, Sikkim, Nagaland, Meghalaya, Manipur, Arunachal Pradesh, Mizoram, Assam) on 16.03.2025.

3. A meeting of High Level Committee was held under the Chairmanship of Hon'ble Union Home Minister on 25.03.2025 for Financial assistance from NDRF to Bihar, Gujarat, Jharkhand, Maharashtra and Kerala under scheme for "Expansion and Modernization of Fire Services" & for financial assistance from National Disaster Response Fund (NDRF) to Sikkim based on PDNA report.

4. Meeting between Home Secretary and Sh. Jonathan Powell, National Security Advisor, UK was held on 18.03.2025, in which issues related to security, bilateral trade and investment, illegal migration etc. were discussed.

5. Union Home Secretary chaired a meeting on 04.03.2025 to review the implementation status of various projects under Special Development Package of Bodo and Karbi Accords, withdrawal of cases registered against cadres and rehabilitation of surrendered cadres.

6. On 09.03.2025 Union Home Secretary reviewed the security scenario of UT of J&K and preparedness of Shri Amarnathji Yatra, 2025 scheduled from 3rd July to 9th August (38 days), 2025 at Jammu.

7. During the said meeting at Jammu, Union Home Secretary also reviewed security arrangements of railways to strengthen security of railways in J&K. It was also directed that all pending security infrastructure works may be fast-tracked and be completed at the earliest

8. The LWE affected districts covered under SRE Scheme have been reviewed by Union Home Secretary. Now, only 18 districts are categorized w.e.f 01.04.2025. Out of these 18 districts, 06 are categorized as Most Affected, 06 are 'Districts of Concern' and remaining 06 are other LWE affected districts.

9. Meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) held on 03rd March, 2025 to consider the report of the Central Teams on damage caused by Natural Calamities in Bihar, Himachal Pradesh, Tamil Nadu and Puducherry.

10. Meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) held on 19.03.2025 to consider the National Project for Strengthening community based Disaster Risk Reduction Initiatives in Panchyati Raj institutions.

11. Meeting of Sub-committee of National Executive Committee (SC-NEC) held on 22.03.2025 to consider the central financial assistance for the state of Himachal Pradesh from the Recovery & Reconstruction Funding Window under National Disaster Response Fund (NDRF).

12. After seeking assent from the Hon'ble President, the Disaster Management (Amendment) Act, 2025 has been notified on 29-3-2025.

13. The Hon'ble President of India assented to the 'Assam Shops and Establishment Bill, 2022'.

14. "Parakram Padak" were awareded to the 98 police personnel of States/UTs and CAPFs/ CPOs during the month of March, 2025.

15. 382 " Protected Area Permit (PAP)" applications were granted in the month of March, 2025".

16. 17th Meeting of Standing Committee on Gem (SCoGeM) of MHA was held under the chairmanship of AS&FA(H) on 10.03.2025.

17. The off-campuses of the National Forensic Sciences University in Nagpur (Maharashtra), Raipur (Chhattisgarh) and Khordha (Odisha) have been notified in the Gazette of India vide S.O. 1240(E) dated 18.03.2025 and the same has been laid down in both the Houses of Parliament, in Lok Sabha on 25.03.2025 and in Rajya Sabha on 26.03.2025.

18. Criminal Procedure (Identification) System was launched on pilot basis in Delhi and Rajasthan State on the 40th inception day of NCRB on 11.03.2025.

19. The Immigration and Foreigners Bill, 2025 passed in the Lok Sabha.

20. The Disaster Management (Amendment) Bill, 2025 has been notified on 29-3-2025.

****

**गृह मंत्रालय की मार्च, 2025 माह की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और कार्यक्रम।**

दिनांक 01.03.2025 को माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

2. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 03.03.2025 को "नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन" पर गोवा राज्य के साथ और दिनांक 16.03.2025 को उत्तर-पूर्वी राज्यों (त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, असम) के साथ समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया।

3. "अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण" योजना के अंतर्गत बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र और केरल को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (रा. आ. प्र. ब. ) से वित्तीय सहायता और आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन (पी डी एन ए) रिपोर्ट के आधार पर सिक्किम को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (रा. आ. मो. नि.) से वित्तीय सहायता के लिए दिनांक 25.03.2025 को माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

4. दिनांक 18.03.2025 को गृह सचिव और श्री जोनाथन पॉवेल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, यू.के. के बीच बैठक हुई जिसमें सुरक्षा, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश, अवैध प्रवासन आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

5. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 04.03.2025 को बोडो और कार्बी समझौते के विशेष विकास पैकेज के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति, काडरों के विरुद्ध दर्ज मामलों को वापस लेने और आत्मसमर्पण करने वाले काडरों के पुनर्वास की समीक्षा के लिए हुई बैठक की अध्यक्षता की।

6. दिनांक 09.03.2025 को जम्मू में केंद्रीय गृह सचिव ने “जम्मू और कश्मीर” संघ राज्य क्षेत्र के सुरक्षा की स्थिति और 3 जुलाई से 9 अगस्त (38 दिन), 2025 तक निर्धारित श्री अमरनाथजी यात्रा, 2025 की तैयारियों की समीक्षा की।

7. जम्मू में उक्त बैठक के दौरान, केंद्रीय गृह सचिव ने जम्मू और कश्मीर में रेलवे की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। यह निर्देश दिया गया कि सुरक्षा से संबन्धित सभी लंबित आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों की गति को तेज किया जाए और जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

8. सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के अंतर्गत शामिल वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की समीक्षा केंद्रीय गृह सचिव द्वारा की गई । दिनांक 01.04.2025 से केवल 18 जिलों को वर्गीकृत किया गया है। इन 18 जिलों में से 06 को सर्वाधिक प्रभावित, 06 को चिंताजनक जिले और शेष 06 को अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

9. बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुदुचेरी में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान पर केंद्रीय दलों की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए 03 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एस सी-एन ई सी) की बैठक आयोजित की गई।

10. पंचायती राज संस्थाओं में समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पहल को सुदृढ़ करने हेतु राष्ट्रीय परियोजना पर विचार करने के लिए दिनांक 19.03.2025 को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एस सी-एन ई सी) की बैठक आयोजित की गई।

11. राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (रा आ मो नि ) के अंतर्गत रिकवरी और पुनर्निर्माण वित्त-पोषण विंडो से हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता पर विचार करने के लिए दिनांक 22.03.2025 को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एससी-एनईसी) की बैठक आयोजित की गई।

12. माननीय राष्ट्रपति से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात् आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 को दिनांक 29-3-2025 को अधिसूचित किया गया है।

13. भारत के माननीय राष्ट्रपति ने असम दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक, 2022 को स्वीकृति दे दी।

14. मार्च, 2025 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल / केंद्रीय पुलिस संगठन के 98 पुलिस कर्मियों को "पराक्रम पदक " प्रदान किए गए।

15. मार्च, 2025 में 382 "संरक्षित क्षेत्र परमिट (सं. क्षे. प.)" आवेदन स्वीकृत किए गए।

16. अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार (गृह) की अध्यक्षता में दिनांक 10.03.2025 को गृह मंत्रालय की गवर्नमेंट ई-मारकेटप्लेस संबंधी स्थायी समिति (SCOGeM) की 17वीं बैठक आयोजित की गई।

17. नागपुर (महाराष्ट्र), रायपुर (छत्तीसगढ़) और खोरधा (ओडिशा) में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के ऑफ-कैंपस को भारत के राजपत्र में दिनांक 18.03.2025 के का.आ. 1240 (अ) के तहत अधिसूचित किया गया है और इसे संसद के दोनों सदनों, लोक सभा में दिनांक 25.03.2025 को और राज्य सभा में दिनांक 26.03.2025 को रखा गया है।

18. दिनांक 11.03.2025 को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 40 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली और राजस्थान राज्य में प्रायोगिक आधार पर आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) प्रणाली शुरू की गई।

19. लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी विषयक विधेयक, 2025 पारित हुआ।

20. दिनांक 29-3-2025 को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2025 को अधिसूचित किया गया है।

****